BCM SCHOOL, BASANT AVENUE, DUGRI, LUDHIANA

**Class ll		Hindi Assignment 7		M.M 15**

1) निम्नलिखित अपठित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए- (5)

गरमी के दो विशेष महीने हैं- मई और जून। इन दिनों तो गरमी के मारे चैन नहीं पड़ता। रात को आराम की नींद भी नहीं आती। सूर्य उदय होते ही गरमी बढ़ने लगती है, दोपहर तक तो शरीर झुलसने लगता है। लोग पंखे, कूलर और ए.सी से ठंडी हवा पाना चाहते हैं। वे हल्के सूती कपड़े पहनना पसंद करते हैं। हाँ, गर्मियों में आम की बहार होती है जो सभी को बहुत प्रिय है, ककड़ी, खरबूजा और तरबूज आदि भी खूब होते हैं। गरमी में ही फसलें पकती हैं और इसी के बाद वर्षा ऋतु आती है।

प्र०1-गरमी कब बढ़ने लगती है?

सूर्य निकलते ही		सूर्य छिपते ही		सूर्य डूबते ही

प्र०2 – गरमी के दिनों में लोग कैसे कपड़े पहनते हैं?

रेशमी	सूती	ऊनी

प्र०3-गरमी के बाद कौन सी ऋतु आती है?

सरदी	बसंत	वर्षा

प्र०4-‘तन’ का समानार्थक शब्द चुनो-

गरमी	शरीर	हवा

प्र०5- सर्वनाम शब्द चुनो-

वे	में	है

2) सही विकल्प चुनो- (5)

1• ‘भारत में रहने वाले' के लिए एक शब्द है-

भारती	भारतीय	विदेशी

2• संज्ञा शब्द है-

कौआ   चार   बड़ी

3• __________यहाँ से जाइए। इस वाक्य के लिए सर्वनाम शब्द चुनो-

वह   तुम   आप

4• फूल के लिए सही विशेषण शब्द चुनो-

तीखा   सुंदर   मीठा

5• बीस के बाद ___________आता है।

इक्कीस   ईकीस   इकीस

3) संज्ञा शब्द लिखकर वाक्य पूरे करो – (2)

1• __________ने चोर को पकड़ लिया।

2• कोयल ____________के पेड़ पर बैठी है।

4) विशेषण शब्दों को रेखांकित करो- (3)

1• टोकरी में लाल टमाटर पड़े हैं।

2• मैदान में चार बच्चे खेल रहे हैं।

3• रीपा के कपड़े साफ़ और सुंदर हैं।